जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर जिला जयपुर
सेशन प्रकरण संख्या 16/2023 (06/2018)
सरकार बनाम महेश कुमार यादव
एन.सी.वी नम्बर 225/2019

| तारीख | पीठासीन अधिकारी के लघु हस्ताक्षर सहित आदेश | आदेश की अनुपालना का संक्षिप्त नोट |
|---|---|---|
| **23.09.2025** | लोक अभियोजक उपस्थित। मुलजिम महेश यादव अनुपस्थित। उसकी ओर से हाजिरी माफी का प्रार्थना पत्र जरियें अधिवक्ता पेश होने पर आज के लिए स्वीकार किया गया।<br>साक्ष्य अभियोजन में गवाह पी.डब्ल्यु–28 कमलेश के बयान लिये गये। अन्य कोई गवाह हाजिर नहीं है। हाजिर अदालत गवाह कमलेश के द्वारा उसके विरूद्ध जारी किये गये नोटिस धारा 350 दण्ड़ प्रक्रिया संहिता का जवाब प्रस्तुत किया, जिसका हमने अवलोकन किया।<br>गवाह ने गत पेशियों पर उपस्थित नहीं आने की वजह श्रावण मास में ड्यूटी लगने व स्वयं का बीमार होना बताया है। साथ ही भविष्य में न्यायालय के आदेशों की पालना कर नोटिस की कार्यवाही ड्रॉप किये जाने का निवेदन किया है।<br>हमने विचार किया। बताये गये कारणों को देखते हुए नोटिस की कार्यवाही ड्रॉप की जाकर गवाह को भविष्य में न्यायालय आदेशों की सम्यक तत्परता से पालना करने हेतु निर्देशित किया गया।<br>पत्रावली वास्ते साक्ष्य अभियोजन पूर्व नियत दिनांक 24.09.2025 को पेश हो। | |